comp/cell

## भर्ती सूचना

## अण्डमान तथा निकोबार पुलिस रेडियो संगठन में रेडियो प्रचालक/बीजलेख प्रचालक तथा रेडियो तकनीशियन के पद पर भर्ती

अण्डमान तथा निकोबार पुलिस रेडियो संगठन के निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों की संख्या, वेतनमान तथा पात्रता की शर्तें नीचे दी गई हैं:–

### 1. पदनाम : रेडियो प्रचालक

पात्रता की शर्तें :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | रिक्त पदों की संख्या | 11 (07 पद सामान्य के लिए तथा 04 पद अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह के अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित)<br>नोटः अंतिम चयन के समय पदों की संख्या आवश्यकता अनुसार घट अथवा बढ़ सकती है । |
| (ख) | वेतन बैंड + ग्रेड वेतन | पी.बी. 2 रू. 9300–34800+ ग्रेड वेतन रू. 4200/– |
| (ग) | आयु सीमा<br>(दिनांक 07/11/2014 को) | 18 से 30 वर्ष सामान्य के लिए<br>18 से 33 वर्ष अन्य पिछड़े वर्ग के लिए<br>18 से 35 वर्ष महिलाओं के लिए<br>(भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों तक की छूट)<br>नोट : उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को ही आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि माना जाएगा । |
| (घ) | शैक्षिक योग्यता | i] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान/अभियान्त्रिकी में स्नातक डिग्री<br>'अथवा'<br>ii] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष<br>'अथवा'<br>iii] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स अथवा कम्प्यूटर विज्ञान अभियान्त्रिकी में डिप्लोमा अथवा समकक्ष ।<br>iv] अधिमान्यः कम्प्यूटर एप्लिकेशन का ज्ञान । |

### 2. पदनाम : बीजलेख प्रचालक

पात्रता की शर्तें :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | रिक्त पदों की संख्या | 01 (01 पद सामान्य के लिए)<br>नोटः अंतिम चयन के समय पदों की संख्या आवश्यकता अनुसार घट अथवा बढ़ सकती है । |
| (ख) | वेतन बैंड + ग्रेड वेतन | पी.बी. 2 रू. 9300–34800+ ग्रेड वेतन रू. 4200/– |
| (ग) | आयु सीमा<br>(दिनांक 07/11/2014 को) | 18 से 30 वर्ष<br>18 से 35 वर्ष महिलाओं के लिए<br>(भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों तक की छूट)<br>नोट : उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को ही आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि माना जाएगा । |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | शैक्षिक योग्यता | i] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान/अभियान्त्रिकी मे स्नातक डिग्री<br>'अथवा'<br>ii] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लिकेशन में स्नातक डिग्री अथवा समकक्ष<br>'अथवा'<br>iii] किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स अथवा कम्प्यूटर विज्ञान अभियान्त्रिकी में डिप्लोमा अथवा समकक्ष ।<br>iv] अधिमान्यः कम्प्यूटर एप्लिकेशन का ज्ञान। |

## 3. पदनाम : रेडियो तकनीशियन

पात्रता की शर्तें :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | रिक्त पदों की संख्या | 01 (01 पद सामान्य के लिए)<br>नोटः अंतिम चयन के समय पदों की संख्या आवश्यकता अनुसार घट अथवा बढ सकती है । |
| (ख) | वेतन बैंड + ग्रेड वेतन | पी.बी. 2 रू. 9300–34800+ ग्रेड वेतन रू. 4200/– |
| (ग) | आयु सीमा<br>(दिनांक 07/11/2014 को) | 18 से 30 वर्ष<br>18 से 35 वर्ष महिलाओं के लिए<br>(भारत सरकार द्वारा जारी अनुदेशों/आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों तक की छूट)<br>**नोट :** उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को ही आयु निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि माना जाएगा । |
| (घ) | शैक्षिक योग्यता | i] 12वीं कक्षा पास (किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परीक्षा)<br>ii] किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से रेडियो प्रौद्योगिकी /इलेक्ट्रॉनिक्स/दूरसंचार में डिप्लोमा<br>अथवा<br>डी.सी.पी.डब्ल्यू. द्वारा आयोजित/अनुमोदित रेडियो तकनीशियन प्रवीणता परीक्षा ग्रेड–II पास किया हो तथा सरकारी विभाग/सशस्त्र सेना अथवा अन्य किसी मान्यता प्राप्त व्यवसायिक संचार संगठन (मान्यता प्राप्त) में 3 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव ।<br>iii] अधिमान्यः कम्प्यूटर एप्लिकेशन का ज्ञान । |

## 4. इन पदों के लिए आवश्यक न्यूनतम शारीरिक माप

| मानक शारीरिक माप | | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|
| क) | लम्बाई | 168 से.मी. | 155 से.मी. |
| ख) | छाती (सामान्य) | 81 से.मी. | – |
| ग) | छाती (फुलाव सहित) | 85 से.मी. | – |
| घ) | वज़न | 50 कि.ग्रा. | 45 कि. ग्रा. |

## 5. शारीरिक क्षमता परीक्षा

शारीरिक माप की पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवारों की सभी पदों के लिए निम्नलिखित मानक के अनुसार शारीरिक क्षमता परीक्षा ली जाएगी ।

| शारीरिक क्षमता परीक्षा | | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|
| (क) | दौड़ | 1.6 कि.मी. (7 मिनट के भीतर पूरा करना होगा ) | 1 कि.मी. (6 मिनट के भीतर पूरा करना होगा ) |
| (ख) | लम्बी कूद | 12 फीट (3 अवसर दिये जाएंगे) | 08 फीट (3 अवसर दिये जाएंगे) |
| (ग) | ऊँची कूद | 04 फीट (3 अवसर दिये जाएंगे) | 03 फीट (3 अवसर दिये जाएंगे) |

टिप्पणी : उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता परीक्षा की प्रत्येक स्पर्धा में सफल होना होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी उसी चरण में समाप्त कर दी जाएगी ।

## 6. लिखित परीक्षा

शारीरिक माप तथा शारीरिक क्षमता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में भाग लेना होगा ।

प्रत्येक पद के लिए निम्नलिखित स्कीम के अंतर्गत लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी ।

रेडियो प्रचालक /बीजलेख प्रचालक

| पेपर | विषय | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|
| I | सामान्य बोध तथा विवेचन | 50 | 1 घंटा |
| II | अंग्रेजी | 50 | 1 घंटा |
| III | शैक्षिक परीक्षा (गणित/भौतिकी/सामान्य विज्ञान) | 100 | 1 ½ घंटे |
| | कुल | 200 | |

पेपर I इस प्रश्न में उम्मीदवार को सामयिक विषयों पर सामान्य ज्ञान, देश–विदेश में उनके आस–पास हो रही महत्त्वपूर्ण घटनाओं, भारतीय इतिहास, राज्यतंत्र, भूगोल, वैज्ञानिक अनुसंधान, सामान्य गणित तथा विवेचन संबंधी ज्ञान को परखा जाएगा जो कि किसी शिक्षित व्यक्ति से आपेक्षित है ।

पेपर II इस प्रश्न में उम्मीदवार के अंग्रेजी भाषा की समझ, इसके सही प्रयोग तथा लिखने की क्षमता को परखा जाएगा । इसमें व्याकरण के प्रयोग, लघु निबंध, पत्र लेखन, सार लेखन, अनुच्छेद/रिपोर्ट लेखन तथा अनुवाद पर प्रश्न शामिल होंगे ।

पेपर III इस प्रश्न पत्र में सामान्य गणित, भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर तथा अन्य विज्ञान विषय पर माध्यमिक स्तर के प्रश्नों से उम्मीदवार की जानकारी को परखा जाएगा ।

रेडियो तकनीशियन

| पेपर | परीक्षा का नाम | अंक | अवधि |
|---|---|---|---|
| I | तकनीकि ज्ञान | 100 | 1½ घंटे |
| II. | अंग्रेजी/हिन्दी/गणित/सामान्य ज्ञान | 50 | 1 घंटा |
| | कुल | 150 | |

पेपर I इस प्रश्न पत्र में उम्मीदवार के बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार सिस्टम, रेडियो तरंगों, एन्टेना, बेसिक कम्प्यूटर, ए.सी थ्योरी तथा माइक्रोवेव अभियांत्रिकी के ज्ञान को परखा जाएगा ।

पेपर II इस प्रश्न पत्र में उम्मीदवार के अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषा की समझ, उनके सही प्रयोग, सामान्य अंक गणित, विवेचन तथा सामान्य ज्ञान को परखा जाएगा ।

## 7. साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षा

लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चयन बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना होगा रेडियो प्रचालक/बीजलेख प्रचालक के लिए अधिकतम 20 अंक तथा रेडियो तकनीशियन के लिए अधिकतम 15 अंक दिए जाएंगे। साक्षात्कार के दौरान उम्मीदवार के सम्पूर्ण व्यक्तित्व, अभिरुचि, अभिवृत्ति, सामान्य बोध तथा पद के लिए उनकी उपयुक्तता को परखा जाएगा । उम्मीदवार को अनिवार्य रूप से साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना होगा । साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं होने पर उन्हे अंतिम चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा, भले ही उनका प्रदर्शन लिखित परीक्षा में कैसा भी रहा हो ।

इसके अतिरिक्त खेल एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर में उपलब्धि के लिए अधिकतम 5 अंक तक अतिरिक्त इस प्रकार दिए जाएगे :–

(क) राष्ट्रीय कैडेट कोर 'सी' प्रमाणपत्र : 2 अंक
(ख) राष्ट्रीय कैडेट कोर 'बी' प्रमाणपत्र : 1 अंक
(ग) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में स्वर्ण पदक : 5 अंक
(घ) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में रजत पदक : 4 अंक
(ङ) राष्ट्रीय स्तर के खेलों में कांस्य पदक : 3 अंक
(च) राज्य स्तरीय खेलों में स्वर्ण पदक : 4 अंक
(छ) राज्य स्तरीय खेलों में रजत पदक : 3 अंक
(ज) राज्य स्तरीय खेलों में कांस्य पदक : 2 अंक

साक्षात्कार के समय खेल में उपलब्धि तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

प्रत्येक पद के लिए लिखित परीक्षा, राष्ट्रीय कैडेट कोर/खेल एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंक तथा कुल रिक्त पदों की संख्या के आधार पर सफल उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी ।

## 8. चिकित्सा जाँच

सफल उम्मीदवारों की निम्नलिखित चिकित्सा जाँच कराई जाएगी :–

(i) बिना चश्मों के दोनों आंखों की न्यूनतम दूर दृष्टि 6/6 तथा 6/9 होनी चाहिए । उम्मीदवारों को वर्णान्ध नहीं होना चाहिए ।

(ii) उम्मीदवार के घुटने जुड़े हुए, समतल तलवा, वेरिकोज वेन, स्क्वन्ट आंखे, टेढे पैर, एक आँख बन्द करने में असमर्थता, उंगलिया भली–भांति मोडने में असमर्थता तथा कोई अन्य विकृति नहीं होने चाहिए ।

(iii) उम्मीदवार शारीरिक तथा मानसिक तौर से स्वस्थ हो तथा ऐसी किसी भी शारीरिक दोष से मुक्त हो जो पुलिस ड्यूटी को कुशलता पूर्वक करने में बाधक हो ।

9. चिकित्सा परीक्षण के सफल होने तथा पुलिस सत्यापन पूरी करने के बाद ही पदों पर नियुक्ति की जाएगी ।

## 10. आवेदन कैसे करें

(i) उपरोक्त सभी पदों के लिए केवल एक साझा आवेदन फार्म प्रस्तुत करना होगा । उम्मीदवार को यह दर्शाना होगा कि वे किस पद अथवा पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहें/रहीं हैं । उम्मीदवार को आवेदन किये गये पदों में उनकी प्राथमिकता भी दिखानी होगी ।

(ii) **एक उम्मीदवार केवल एक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है** (एक से अधिक पद के लिए आवेदन करने की स्थिति में भी)। अगर कोई उम्मीदवार एक से अधिक फार्म प्रस्तुत करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।

(iii) उम्मीदवार सादे कागज़ में नीचे दिए गए प्रपत्र में आयु प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़े वर्ग, शैक्षिक तथा तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्रों के **स्वंय साक्ष्यांकित** प्रतियाँ तथा तीन **पासपोर्ट आकार फोटो** (एक फोटो को आवेदन प्रपत्र में दिए स्थान पर चिपकाना होगा तथा दो फोटो आवेदन फार्म के साथ संलग्न करना होगा) सहित भरे हुए आवेदन पत्र **पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस मुख्यालय, अटलांटा पाइंट, पोर्ट ब्लेयर के पास दिनांक 07/10/2014 से 07/11/2014 के दौरान किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं ।**

किसी भी जाली दस्तावेज जमा करने की स्थिति में आवेदक के विरुद्ध ~~आपराधिक मामला दर्ज किया जा सकता है ।~~

## 10. अंतिम तिथि

भरे गए आवेदन **दिनांक 07/11/2014 को 1700 बजे तक** पुलिस उप अधीक्षक (मु.), पुलिस मुख्यालय, अटलांटा पाइंट, पोर्ट ब्लेयर के पास जमा कर दें ।

## 11. सामान्य अनुदेश

(i) आवेदन प्रपत्रों की जाँच तथा स्वीकृति के उपरान्त प्रत्येक उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा, जो कि भर्ती के सभी चरणों के लिए आवश्यक होगा । **दिनांक 24/11/2014 से 08/12/2014 के दौरान उम्मीदवार भर्ती कक्ष, पुलिस मुख्यालय, अटलांटा पाइंट, पोर्ट ब्लेयर से प्रवेश पत्र प्राप्त करना होगा ।**

(ii) अन्य पिछड़े वर्ग श्रेणी को दिए जाने वाले लाभ केवल उन अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को ही नियमानुसार दिए जाएंगे जिन्हें अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन द्वारा अधिसूचित किया गया है ।

(iii) मूल दस्तावेजों (शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आयु प्रमाण, खेल/राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा अन्य पिछड़े वर्ग प्रमाण पत्र) की जाँच 'साक्षात्कार' के समय की जाएगी । अतः उम्मीदवारों को केवल साक्षात्कार के समय अपने इन मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों को साथ लाना होगा ।

(iv) किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों को रदद् कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा । रद्द आवेदनों के मामले में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा ।

(v) किसी भी स्तर पर असफल उम्मीदवारों को उसी स्तर से निकाल दिया जाएगा ।

(vi) उम्मीदवारों द्वारा शारीरिक क्षमता परीक्षा के लिए आवश्यक तैयारी तथा इसमें भाग अपने जोखिम पर लेना होगा । परीक्षा के दौरान अगर किसी उम्मीद्वार को चोट लग जाती है अथवा कोई अन्य दुर्घटना हो जाती है तो इसके लिए अण्डमान तथा निकोबार पुलिस विभाग किसी प्रकार की क्षति पूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

(vii) भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि कोई उम्मीद्वार शारीरिक माप संबंधी भर्ती बोर्ड के निर्णय से असहमत हों तो वे उसी दिन निर्धारित प्रपत्र में पौनर्वादिक अधिकारी के समक्ष लिखित अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

(viii) शारीरिक माप, क्षमता परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार पुलिस लाइन, पोर्ट ब्लेयर में आयोजित की जाएगी । इसकी तिथि तथा समय की सूचना समय रहते स्थानीय समाचार पत्रों तथा आकाशवाणी के माध्यम से दी जाएगी ।

(ix) भर्ती प्रक्रिया अथवा साक्षात्कार में भाग लेने के लिए उम्मीद्वारों को यात्रा भत्ता अथवा दैनिक भत्ता नही दिया जाएगा।

## फार्मेट

**अण्डमान तथा निकोबार पुलिस रेडियो संगठन में रेडियो प्रचालक/बीजलेख प्रचालक तथा रेडियो तकनीशियन के पद पर भर्ती हेतु आवेदन फार्म**

नवीनतम पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएँ

सेवा में,
पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय),
पुलिस मुख्यालय, अटलांटा पाइंट,
पोर्ट ब्लेयर ।

विषयः अण्डमान तथा निकोबार पुलिस रेडियो में रेडियो प्रचालक, बीजलेख प्रचालक तथा रेडियो तकनीशियन के पद पर भर्ती हेतु आवेदन

महोदय,

उपरोक्त पदों को भरने हेतु आपके भर्ती सूचना के संबंध में मैं अपनी उम्मीदवारी पेश करता हूँ मेरा जीवन वृत इस प्रकार है :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का नाम (साफ अक्षरों में) | |
| 2. | पिता का नाम (साफ अक्षरों में) | |
| 3. | स्थायी पता | |
| 4. | पत्राचार के लिए पता | |
| 5. | टेलीफोन/मोबाइल नम्बर, यदि हो | |
| 6. | राष्ट्रीयता | |
| 7. | जन्म तिथि | ........ (दिनांक) ........ (माह) ........ (वर्ष) |
| 8. | दिनांक 07/11/2014 को आयु | ........(वर्ष)........(माह)........(दिन) |
| 9. | लिंग | पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐ |
| 10. | श्रेणी | सामान्य ☐ अन्य पिछड़े वर्ग ☐ |
| 11. | शैक्षिक योग्यता | |
| 12. | तकनीकी योग्यता | |
| 13. | पद जिसके लिए आवेदन किया *<br>(जिस पद के लिए आवेदन किया उसके आगे ✓निशान लगाए) | रेडियो प्रचालक ☐<br>बीजलेख प्रचालक ☐<br>रेडियो तकनीशियन ☐ |

| | | |
|---|---|---|
| 14. | आवेदन किए गए पदों मे प्राथमिकता (जो एक से अधिक पद के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं वे इन पदों में अपनी प्राथमिकता बताएं) | प्रथम प्राथमिकता ☐<br>द्वितीय प्राथमिकता ☐<br>तृतीय प्राथमिकता ☐ |
| 15. | क्या आप कभी गिरफ्तार हुए हैं अथवा किसी आरोप के लिए न्यायालय में उपस्थित हुए हैं अथवा क्या आप को न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया अथवा जुर्माना किया है अथवा किसी बॉंड की मांग की गई है अथवा यह प्रपत्र भरते समय ऐसा कोई मामला न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है ? यदि हो, तो विवरण दें । इस प्रकार के मामले को छिपाने की स्थिति में कानूनी कार्यवाही की जा सकती है । | |
| 16. | क्या आपको किसी भर्ती/चयन बोर्ड द्वारा परीक्षा में बैठने पर प्रतिबंध लगाया गया है ? यदि हो, तो विवरण दें । | |

घोषणा

यदि आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त, मेरे विरुद्ध यदि कोई आपराधिक मामला दर्ज होता है/पुलिस द्वारा किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तारी होती है तो उससे सम्बंधित सूचना तत्काल पुलिस उप अधीक्षक (मुख्यालय), अटलांटा पाइंट, पोर्ट ब्लेयर को दूंगा, ऐसा न करने की स्थिति में इसे वास्तविकता छिपाना माना जाएगा।

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारी सही है । यदि कोई सूचना मेरे चयन से पूर्व अथवा चयनित होने के उपरान्त गलत पाया जाता है अथवा अयोग्यता के बारे में ज्ञात होता है तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द की जा सकती है तथा जाली दस्तावेज जमा करने की स्थिति में मेरे विरूद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक ..................

| संलग्न दस्तावेज : | हाँ | नहीं |
|---|---|---|
| 1. शैक्षिक योग्यता | ☐ | ☐ |
| 2. तकनीकी योग्यता | ☐ | ☐ |
| 3. आयु प्रमाण पत्र(10वीं पास प्रमाण पत्र) | ☐ | ☐ |
| 4. श्रेणी प्रमाण पत्र | ☐ | ☐ |
| 5. दो अदद पासपोर्ट आकार फ़ोटो | ☐ | ☐ |

******

सं. पु.म.नि./स्था/भ.क./रे.प्र./बी.प्र./रे.त./2014/6244

**पुलिस महानिदेशक का कार्यालय**

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

पोर्ट ब्लेयर दिनांक 02 अक्टूबर, 2014

प्रतिलिपि प्रेषित :—

1. उप राज्यपाल, अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह के निजी सचिव को सूचनार्थ ।
2. निदेशक (सूचना, प्रचार एवं पर्यटन) अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर को इस अनुरोध के साथ कि इस सूचना को द्वीप समाचार में लगातार 3 दिनों तक प्रकाशित करें।

3. केंद्र निदेशक, आकाशवाणी, पोर्ट ब्लेयर को इस अनुरोध के साथ कि इस सूचना को लगातार तीन दिन प्रसारित करें ।
4. रोजगार अधिकारी, रोजगार कार्यालय, पोर्ट ब्लेयर ।
5. निदेशक, दूरदर्शन, पोर्ट ब्लेयर ।
6. समाचार संपादक, आकाशवाणी, पोर्ट ब्लेयर ।
7. प्रधान संपादक, द्वीप समाचार पोर्ट ब्लेयर ।
8. पुलिस महानिदेशक के स्टाफ अधिकारी ।
9. पुलिस महानिरीक्षक के निजी सहायक ।
10. पुलिस अधीक्षक (मु.) के रीडर ।
11. समादेष्टा, भारत आरक्षित वाहिनी सहित सभी पुलिस अधीक्षक ।
12. सभी पुलिस थाना ।
13. पुलिस रेडियो अधिकारी, पर्यवेक्षक प्रचालन, सिग्नल केन्द्र, पर्यवेक्षक प्रचालन पुलिस नियंत्रण कक्ष ।
14. सूचना पट्ट पुलिस मुख्यालय, पुलिस अधीक्षक, दक्षिण अण्डमान जिला, पुलिस अधीक्षक मध्योत्तर अण्डमान, पुलिस अधीक्षक, कार निकोबार, पुलिस लाईन, भारत आरक्षित वाहिनी (मु), पोर्ट मोर्ट ।
15. प्रभारी, कम्प्यूटर कक्ष को इस निदेश के साथ कि इस सूचना को अण्डमान तथा निकोबार पुलिस के वेबसाइट में अपलोड करें ।

आलोक कुमार

पुलिस उप अधीक्षक (मु.)
पुलिस मुख्यालय